आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 15.10.2024    समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने के महत्व को दोहराया।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में जनसांख्यिकीय अव्यवस्था के बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताई ।
- प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा – मतदान 13 और वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।
- आज देशभर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के नैतिक इस्तेमाल का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि सुरक्षा, सम्मान और समानता सभी चर्चाओं के केंद्र में होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे की स्थापना के महत्व को भी दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने जी–20 अध्यक्षता के दौरान इस विषय को उठाया था और वैश्विक संस्थानों से वैश्विक शासन में इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया था। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ–आईटीयू की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा – डब्ल्यूटीएसए – 2024 का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि डब्ल्यू टी एस ए का उद्देश्य वैश्विक मानकों की दिशा में कार्य करना है और मोबाइल कांग्रेस की सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक गतिशील देश है।

.........................

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का डिजिटल विजन चार स्तंभों – सस्ते उपकरणों, सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, किफायती डाटा और डिजिटल प्राथमिकता पर कार्य करता है।

......................

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अपनी सफलता के अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि भारत 5जी का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और अब सरकार 6जी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही है। श्री मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का भी उद्‌घाटन किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत 6जी प्रौद्योगिकी के विकास में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में सरकार ने दस अरब

डॉलर का निवेश किया है और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सात लाख किलोमीटर फाइबर नेटवर्क तैयार किया गया है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में जनसांख्यिकीय अव्यवस्था के बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे परमाणु बम से कम खतरनाक नहीं है। श्री धनखड़ आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। श्री धनखड ने कहा कि आबादी में जैविक और प्राकृतिक परिवर्तन परेशान नहीं करते लेकिन रणनीतिक तरीके से किये जाने वाले जनसांख्यिकीय बदलाव नुकसानदायक होते हैं। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन हमारे मूल्य, सभ्यता और लोकतंत्र के लिए चुनौती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत बहुसंख्यक के रूप में सहिष्णु है। श्री धनखड ने कहा कि भारत को स्थिर वैश्विक ताकत बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सदी भारत की होनी चाहिए। उन्होंने देश की तेज़ प्रगति की चर्चा करते हुए कहा कि भारत का तेज विकास दुनिया को चौंका रहा है।

0000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने आज कोटा के सांगोद में किसान मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में यूरिया और डीएपी की किल्लत को जल्द ही दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द किसानों तक पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध करायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि एक दो दिन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीफ फसल की खरीद शुरू की जाएगी।

000

प्रदेश में निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन और प्रबंधन का अवलोकन करने मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेज कॉरपोरेशन की टीम आज दो दिन के दौरे पर जयपुर पहुंची। टीम ने प्रदेश में निःशुल्क दवा योजना का प्रबंधन देखने के लिए जयपुर शहर के चिकित्सा संस्थानों का दौरा किया। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि राजस्थान निःशुल्क दवा योजना के प्रबंधन और क्रियान्वयन में लगातार देश में अव्वल बना हुआ है। साथ ही, योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार और आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। यह टीम कल जयपुरिया हॉस्पिटल और आमेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करेगी।

......................

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है। झुंझुनू, देवली–उनियारा, खींवसर, दौसा, चौरासी, रामगढ़ और सलूंबर सीट के लिए उपचुनाव 13 नवंबर को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए पड़ने वाले वोटों की गिनती 23 नवम्बर को होगी। उपचुनाव के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र

दाखिल कर सकेंगे तथा नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को जाएगी। 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेगें। गौरतलब है कि झुंझुनूं से बृजेन्द्र सिंह ओला, दौसा से मुरारी लाल मीणा, देवली–उनियारा से हरीश चन्द्र मीना, खींवसर से हनुमान बेनीवाल और चौरासी से राजकुमार रोत के इस्तीफा देने के कारण इन सीटों पर उपचुनाव कराया जा रहा है। वहीं सलूंबर सीट पर अमृत लाल मीना और रामगढ सीट पर जुबेर खान की मृत्यु के कारण इन सीटों पर उपचुनाव कराया जा रहा है। उप चुणाव की घोषणा के साथ ही संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उप चुणाव की प्रक्रिया 25 नवंबर से पहले पूरी कर ली जाएगी। चुनाव आयोग ने नवंबर महीने में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव का भी ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में एक और झारखंड में दो चरणों में मतदान होगा। इस बीच भाजपा और कांग्रेस ने उपचुनाव में अपनी–अपनी पार्टी की जीत के दावे किये हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि उनकी पार्टी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की भाजपा सरकार में हुए ऐतिहासिक निर्णय पर जनता अपना मतदान करेगी। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भरोसा जताया कि उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बड़े मतों से विजयी होंगे। नागौर के खींवसर तथा बांसवाड़ा के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन करने के सवाल पर श्री डोटासरा ने कहा कि इस बारे में निर्णय कांग्रेस आलाकमान की ओर से किया जाएगा।

वहीं उपचुनाव के मद्दे नजर कांग्रेस ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिवों को प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी सचिव चिरंजीव राव को झुंझुनू, रामगढ़ और खींवसर ऋत्विक मकवाना को सलूंबर और चौरासी तथा पूनम पासवान को दौसा तथा देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव का प्रभारी बनाया है।

000

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें शत–प्रतिशत फुलप्रूफ हैं। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में कहा कि चुनाव के दौरान मतदान में भाग लेकर लोगों ने ईवीएम को लेकर उठाये गये सवालों का समाधान कर दिया है।

000

आज देशभर में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टार एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। मिसाइल मेन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। डॉ. कलाम ने ऐरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की और देश के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सोच और दूरदृष्टि से देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। प्रदेशभर में भी डॉ. कलाम की जयती पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पाली में डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया गया। सवाईमाधोपुर में इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में

उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को कलाम अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। महात्मा गांधी विद्यालय में डॉ. कलाम के आदर्शों और वैज्ञानिक उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। केकडी के राजकीय महाविद्यालय और जिले के सभी विद्यालयों में डॉ. कलाम की जयंती को विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया।

000

प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों का समय कल से बदल जाएगा। समेकित बाल विकास सेवाओं के निदेशक ओ. पी. बुनकर ने बताया कि राज्य की सभी आंगनबाड़ियों का समय अगले साल 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से दोहपर दो बजे तक रहेगा।

000

जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने आज सवाईमाधोपुर में कलेक्ट्रेक्ट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को जलदाय विभाग की सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निश्चित समय में पूरा करवाने के निर्देश दिये। वहीं शाहपुरा जिला कलेक्टर कार्यालय में अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर सुनील पूनिया की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान जिलास्तरीय अधिकारियों से ई–फाइलिंग प्रगति की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। साथ ही संपर्क पोर्टल पर पेंडेंसी का समयबद्ध निस्तारण करने तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान के निर्देश दिये गये।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 18 से 28 अक्टूबर तक 27वें लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्यारह दिवसीय इस महोत्सव के तहत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला आयोजित होगा। चौबीस राज्यों के लगभग 4 हजार कलाकार इस महोत्सव में शिरकत करेंगे।

000